ಕರ್ನಾಟಕ ಪ್ರೌಢ ಶಿಕ್ಷಣ ಪರೀಕ್ಷಾ ಮಂಡಳಿ, 6ನೇ ಅಡ್ಡರಸ್ತೆ, ಮಲ್ಲೇಶ್ವರಂ, ಬೆಂಗಳೂರು - 560 003

KARNATAKA SECONDARY EDUCATION EXAMINATION BOARD, 6TH CROSS MALLESWARAM BANGALORE - 560 003

ಎಸ್. ಎಸ್. ಎಲ್. ಸಿ. ಪರೀಕ್ಷೆ, ಮಾರ್ಚ್/ಏಪ್ರಿಲ್ - 2023

S. S. L. C. EXAMINATION, MARCH/APRIL - 2023

# ಮಾದರಿ ಉತ್ತರಗಳು

# MODEL ANSWERS

ದಿನಾಂಕ : 12-04-2023 ಸಂಕೇತ ಸಂಖ್ಯೆ : 61-H

Date : 12-04-2023 Code : 61-H

## ವಿಷಯ : ತೃತೀಯ ಭಾಷೆ - ಹಿಂದಿ

## Subject : Third Language - HINDI

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| I. | निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार-चार विकल्प सुझाए गये हैं, उनमें से सर्वाधिक उचित विकल्प चुनकर उसके संकेताक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए : 8 × 1= 8 | |
| 1. | 'ज्ञान' शब्द का विलोम रूप है -<br>(A) सुज्ञान (B) अज्ञान<br>(C) विज्ञान (D) जान<br>उत्तर : (B) अज्ञान | 1 |
| 2. | 'बहन' शब्द का पुल्लिंग रूप है -<br>(A) लड़का (B) बाप<br>(C) बेटा (D) भाई<br>उत्तर : (D) भाई | 1 |
| 3. | निम्नलिखित में से बहुवचन शब्द है -<br>(A) कहानी (B) किताब<br>(C) पैसे (D) कपड़ा<br>उत्तर : (C) पैसे | 1 |
| 4. | निम्नलिखित में से प्रथम प्रेरणार्थक क्रिया रूप है -<br>(A) गिराना (B) गिरना<br>(C) गिरावट (D) गिर<br>उत्तर : (A) गिराना | 1 |
| 5. | 'परोपकार' शब्द में संधि है -<br>(A) दीर्घ (B) वृद्धि<br>(C) गुण (D) यण<br>उत्तर : (C) गुण | 1 |
| 6. | 'राजमहल' शब्द में समास है -<br>(A) कर्मधारय (B) द्वंद्व<br>(C) द्विगु (D) तत्पुरुष<br>उत्तर : (D) तत्पुरुष | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| 7.<br><br><br><br><br>8. | मोटर उसके ऊपर से निकल गई !<br>वाक्य में प्रयुक्त विराम चिन्ह है -<br>(A) विस्मयादिबोधक (B) पूर्ण विराम<br>(C) प्रश्नवाचक (D) अल्प विराम<br>उत्तर : (A) विस्मयादिबोधक<br>देश को तुम ............ गर्व है।<br>रिक्त स्थान में सही कारक चिन्ह होगा -<br>(A) में (B) का<br>(C) की (D) पर<br>उत्तर : (D) पर | 1<br><br><br><br><br><br>1 |
| II.<br><br>9. | निम्नलिखित प्रथम दो शब्दों के सूचित संबंधों के अनुरूप तीसरे शब्द का संबंधित शब्द लिखिए : 4 × 1 = 4<br>सक्सेना परिवार का मालिक : धीरज सक्सेना :: रोबोट कंपनी का मालिक : ..............<br>उत्तर : रोबोजीत | <br><br><br>1 |
| 10. | कुवेंपु : ज्ञानपीठ से पुरस्कृत :: डॉ.सी.एन.आर. राव : ....................<br>उत्तर : भारत रत्न | 1 |
| 11. | टोली का नाम : बाल-शक्ति :: टोली का मुखिया : .............<br>उत्तर : मोहन | 1 |
| 12. | कृष्ण को चिढ़ाने वाला : बलराम :: कृष्ण को मनाने वाली : .................<br>उत्तर : यशोदा | 1 |
| III.<br>13. | निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक पूर्ण वाक्य में लिखिए : 4 × 1 = 4<br>टमाटो किस का आवश्यक अंग बन गया ?<br>उत्तर : टमाटो भोजन का आवश्यक अंग बन गया। | <br><br>1 |
| 14. | 'बाल-शक्ति' टोली की तारीफ़ किसने की ?<br>उत्तर : बाल-शक्ति' टोली की तारीफ़ कलेक्टर साहब ने की। | 1 |
| 15. | कवि किसे प्रणाम कर रहे हैं ?<br>उत्तर : कवि मातृभूमि को प्रणाम कर रहे हैं। | 1 |
| 16. | दिनकर जी के अनुसार आज की दुनिया कैसी है ?<br>उत्तर : दिनकर जी के अनुसार आज की दुनिया विचित्र और नवीन है। | 1 |
| IV.<br>17. | निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन पूर्ण वाक्य में लिखिए : 8 × 2 = 16<br>चप्पलों की चोरी होने पर ईमानदार डेलिगेट ने क्या सुझाव दिया ?<br>उत्तर : " देखिए , चप्पलें एक जगह नहीं उतारनी चाहिए । एक चप्पल यहाँ उतारिये , तो दूसरी दस फीट दूर। जब चप्पलें चोरी नहीं होती। एक ही जगह जोड़ी होगी, तो कोई भी पहन लेगा। मैंने ऐसा ही किया था। | <br><br>2 |
| 18. | धीरज सक्सेना ने घर में रोबोट रखने का निर्णय क्यों लिया ?<br>उत्तर : क्योंकि साधोराम के अस्पताल पहुँच जाने से सभी की तकलीफें बढ़ गईं। धीरज सक्सेना से परिवारवालों का यह दु:ख नहीं देखा गया। तभी परिवार के मुखिया के नाते उन्होंने रोबोट रखने का निर्णय लिया। | 2 |
| 19. | लालिम और किंचा लालीदाम ने किन-किन जानवरों से मुलाकात की ?<br>उत्तर : लालिम और किंचा लालीदाम ने हाथी, साँप, भैंस और मछली जानवरों से मुलाकात की। | 2 |
| 20. | प्रेमचंद के अनुसार सेब का क्या महत्व है ?<br>उत्तर : * रोज एक सेब खाने से डॉक्टरों के पास जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी,<br>* सेब में बहुत सारे विटामिन और प्रोटीन होते हैं,<br>* सेब तो रस और स्वाद में आम से बढ़कर नहीं है तो घटकर भी नहीं है। | 2 |

| | | |
|---|---|---|
| 21. | दिनकर जी के अनुसार मानव का सही परिचय क्या है ?<br>उत्तर : * आज के मानव ने प्रकृति के हर तत्व पर विजय प्राप्त कर ली है।<br>* प्रकृति पर विजय प्राप्त करना मनुष्य की साधना है।<br>* मानव-मानव के बीच स्नेह का बाँध बाँधना मानव की सिद्धि है।<br>* मानव-मानव से प्रेम का रिश्ता जोड़ कर आपस की दूरी को मिटाना।<br>* भाईचारे को समझना।<br>* बुद्धि पर हृदय की जीत करना। | 2 |
| 22. | बलराम कृष्ण के माता-पिता के बारे में क्या कहता है ?<br>उत्तर : बलराम कृष्ण के माता-पिता के बारे में कहता है कि, यशोदा और नंद तुम्हारे माता-पिता नहीं है। यशोदा और नंद का रंग गोरा है। तुम्हारा रंग काला है। तुझे उन्होंने मोल लिया है। | 2 |
| 23. | शनि ग्रह के उपग्रहों के बारे में लिखिए।<br>अथवा<br>'शनि ग्रह' सौरमंडल का अत्यंत सुंदर ग्रह है। कैसे ?<br>उत्तर : दो दशक पहले तक शनि के 10 उपग्रह खोजे थे। लेकिन अब शनि के उपग्रहों की संख्या 17 पर पहुँच गई है। धरती से भेजे गए स्वचालित अंतरिक्षयान पायोनियर तथा वायजर शनि के नजदीक पहुँचे और इन्हींके जरिए इस ग्रह के सात नए उपग्रह खोजे गये।<br>अथवा<br>* शनि ग्रह के चारों ओर वलय (गोल) दिखाई देते हैं।<br>* ये वलय अत्यंत विस्तृत और स्पष्ट है।<br>* प्रकृति ने इस ग्रह के गले में खूबसूरत हार डाल दिये हैं।<br>* शनि के इन वलयों या कंकणों ने इस ग्रह को सौरमंडल का सबसे सुंदर ग्रह बनाया है। | 2 |
| 24. | 'सत्य की महिमा' पाठ में किन-किन महान व्यक्तियों का उल्लेख किया गया है ?<br>उत्तर : सत्य की महिमा' पाठ में सत्य हरिशचंद्र, दशरथ महाराज, महात्मा गांधीजी और जॉन मेन्सफील्ड, महान व्यक्तियों का उल्लेख किया गया है।<br>अथवा<br>मीना मैडम ने कार्यशिबिर में कविता वाचन, कविता रचना, नाटक प्रदर्शन, संभाषण-कौशल, टेराकोटा गुड़िया बनाना आदि कार्यक्रमों का आयोजन किया था। | 2 |
| V.<br>25. | निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन-चार वाक्यों में लिखिए : 9 × 3 = 27<br>लेखिका के प्रति गिल्लू की ममता का वर्णन कीजिए।<br>उत्तर: * लेखिका को पशु-पक्षियों से अत्यंत प्रेम था।<br>* लेखिका माँ के समान गिल्लू का उपचार करती हैं।<br>* गिल्लू को हौले से उठाकर अपने कमरे में लाती हैं।<br>* रुई से रक्त पोंछकर गिल्लू के घाओं पर पेंसिलिन का मरहम लगाती हैं।<br>* गिल्लू को खाने के लिए हमेशा काजू और बिस्कुट देती हैं।<br>* गिल्लू की अंत आ जाने पर उसके पंजे ठंडे होने लगते हैं तो तब लेखिका हीटर जलाकर उसे उष्णता देने का प्रयत्न करती हैं।<br>* गिल्लू की समाधि को सोनजुही की लता के नीचे बनाती है। | 3 |
| 26. | जलालुद्दीन के व्यक्तित्व का परिचय दीजिए।<br>उत्तर : * जलालुद्दीन एक स्थानीय ठेकेदार थे,<br>* कलाम के पिता इनके साथ नौकाएँ बनाने का काम करने लगते हैं,<br>* जलालुद्दीन अंग्रेजी में लिख सकते थे,<br>* जलालुद्दीन के बराबर शिक्षा का स्तर किसी का भी नहीं था, | 3 |

| | | |
|---|---|---|
| | * जलालुद्दीन कलाम जी को हमेशा शिक्षित व्यक्तियों, वैज्ञानिक खोजों आदि विषयों के बारे में बताते रहते थे,<br>* जलालुद्दीन ने कलाम जी के सीमित दायरे से बाहर निकालकर नई दुनिया का बोध कराया। | |
| 27. | 'सोशल नेटवर्किंग' एक क्रांतिकारी खोज है। कैसे ? स्पष्ट कीजिए।<br>उत्तर: * सोशल नेटवर्किंग एक क्रांतिकारी खोज है।<br>* जिसने दुनिया भर के लोगों को एक जगह पर ला खड़ा कर दिया है।<br>* सोशल नेटवर्किंग के कई साइट्स हैं ,जैसे - फेसबुक, आरकुट, ट्विट्टर, लिंक्डइन आदि । वश ऋ वश व धन<br>* इन साइटों के कारण देश-विदेश के लोगों की रहन-सहन, वेश-भूषा, खान-पान के अलावा संस्कृति, कला आदि का प्रभाव शीघ्रातिशीघ्र हमारे समाज पर पड़ रहा है। | 3 |
| 28. | एवरेस्ट की चोटी पर पहुँचकर बचेंद्री ने क्या-क्या किया ? विवरण दीजिए।<br>* एवरेस्ट की चोटी पर पहुँचकर उन्होंने अपने घुटनों के बल पर बैठी।<br>* बर्फ पर अपने माथे को लगाकर सागरमाथे की ताज का चुंबन किया।<br>* अपने थैले से हनुमान चालीसा और दुर्गा माँ का चित्र निकाला।<br>* इन चित्रों को लाल कपड़े में लपेटा और छोटी सी पूजा करके इनको बर्फ में दबा दिया।<br>* उसके बाद अपने रज्जू नेता अंग दोरजी के प्रति आदर भाव से झुकी। | 3 |
| 29. | कर्नाटक के प्राकृतिक सौंदर्य का वर्णन कीजिए।<br>उत्तर: * कर्नाटक की प्राकृतिक सुषमा नयन मनोहर है।<br>* पश्चिम में विशाल अरबी समुद्राला लहराता है।<br>* इसी प्रांत में दक्षिण से उत्तर के छोर तक फैली लंबी पर्वतमालाओं को पश्चिमी घाट कहते हैं।<br>* इन्हीं घाटों का कुछ भाग सह्याद्रि कहलाता है।<br>* दक्षिण में नीलगिरी की पर्वतावलियाँ शोभायमान है। | 3 |
| 30. | कविता में मातृभूमि के प्राकृतिक सौंदर्य का वर्णन कैसे किया है ? बताइए।<br>* भारत माँ के खेत हरे-भरे और सुहाने हैं।<br>* भारत माँ के वन-उपवन फल-फूलों से युक्त हैं।<br>* भारत भूमि में खनिजों का व्यापक धन भरा हुआ है।<br>* भारत माँ सुख-संपत्ति धन-धाम को मुक्त-हस्त से बाँट रही है। | 3 |
| 31. | कविता के आधार पर समय के महत्व को समझाइए।<br>उत्तर: * समय बहुत अनमोल है।<br>* समय का महत्व धन से भी ज्यादा है।<br>* सब समय सुसमय होता है।<br>* समय को नष्ट करने से सुख नहीं मिलता है।<br>* आलस को छोड़कर जो काम करना है उसे उसी समय करना चाहिए।<br>* समय ईश का दिया हुआ अनुपम धन है।<br>* हम जो भी काम करते हैं उसे मन लगाकर करना चाहिए।<br>* हमारी आत्मा पर हमें विश्वास करना चाहिए और संदेह को भगा देना चाहिए।<br>* हमें काम करने का जो अवसर प्राप्त होता है उसे व्यर्थ जाने नहीं देना चाहिए।<br>* समय को अपना सच्चा साथी बना लेना चाहिए। | 3 |
| 32. | निम्नलिखित दोहे का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए : | |

| | | |
|---|---|---|
| | मुखिया मुख सो चाहिए, खान पान को एक।<br>पालै पोसै सकल अंग, तुलसी सहित विवेक।।<br>उत्तर: प्रस्तावना : प्रस्तुत दोहे को 'राम-भक्ति शाखा' के प्रमुख कवि तुलसीदास जी द्वारा लिखित 'तुलसी के दोहे' से लिया गया है।<br>भावार्थ : प्रस्तुत दोहे में मुखिया के स्वभाव के बारे में बताते हुए तुलसीदास जी हैं कि मुखिया को मुख के समान होना चाहिए। क्योंकि मुख खाने-पीने का काम अकेला करता है। लेकिन वह जो खाता-पीता है। उससे शरीर के सारे अंगो का पालन-पोषण करता है । उसी तरह मुखिया को भी विवेकवान बनकर काम अपनी तरह से करें उसका फल सभी में बाँटे। | 3 |
| 33. | गद्यांश का अनुवाद कन्नड़ या अंग्रेजी में कीजिए :<br>प्रकृति हमारी माता है। इसलिए हमें प्राकृतिक संपत्ति का सदुपयोग करना चाहिए। अपने पर्यावरण को स्वच्छ रखना हमारा कर्तव्य है।<br>उत्तर : ಪ್ರಕೃತಿ ನಮ್ಮ ತಾಯಿ. ಆದ್ದರಿಂದ ನಾವು ನೈಸರ್ಗಿಕ ಸಂಪನ್ಮೂಲಗಳನ್ನು ಸದುಪಯೋಗಪಡಿಸಿಕೊಳ್ಳಬೇಕು.ನಮ್ಮ ಪರಿಸರವನ್ನು ಸ್ವಚ್ಛವಾಗಿಟ್ಟುಕೊಳ್ಳುವುದು ನಮ್ಮ ಕರ್ತವ್ಯ. | 3 |
| VI.<br>34. | निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पाँच-छ: वाक्यों में लिखिए : 2 × 4 = 8<br>राजकिशोर के दया गुण और सेवा भाव का वर्णन कीजिए।<br>अथवा<br>बसंत एक स्वाभिमानी और ईमानदार लड़का है। कैसे ? स्पष्ट कीजिए।<br>उत्तर : * पंडित राजकिशोर मजदूरों के नेता थे।<br>* पंडित राजकिशोर किशनगंज में रहते थे।<br>* पंडित राजकिशोर गरीबों के प्रति सहानुभूति दिखाने वाले व्यक्ति हैं।<br>* पं. राजकिशोर बसंत के आग्रह पर, उसे सहायता करने की दृष्टि से एक छलनी खरीदते हैं।<br>* प्रताप से बसंत की मोटर दुर्घटना का समाचार सुनते ही तुरंत उसके घर पहुँचते हैं।<br>* बसंत का इलाज कराने के लिए डॉक्टर को बुलाते हैं।<br>* बसंत को अस्पताल ले जाने का प्रबंध भी करते हैं।<br>* पंडित राजकिशोर दोनों भाइयों के साथ रहकर सांत्वना देते हैं।<br>अथवा<br>* बसंत एक गरीब शरणार्थी लड़का है।<br>* बसंत ईमानदार और स्वाभिमानी लड़का।<br>* बसंत परिश्रम करके जीने वाला लड़का है।<br>* छोटी-छोटी चीजों को बेचकर मेहनत से जीने वाला लड़का है।<br>* पंडित राजकिशोर से दया की भीख लेने से इनकार करता है।<br>* मोटर के नीचे आकर घायल होने पर भी बसंत अपने भाई प्रताप को राजकिशोर के घर पैसे लौटाने को भेजता है। | 4 |
| 35. | निम्नलिखित कवितांश पूर्ण कीजिए :<br>असफलता ..........................................<br>........................................................<br>........................................................<br>........................................... भागो तुम।<br><br>असफलता एक चुनौती है, इसे स्वीकार करो,<br>क्या कमी रह गई, देखो और सुधार करो।<br>जब तक न सफल हो, नींद चैन को त्यागो तुम,<br>संघर्ष का मैदान छोड़कर मत भागो तुम। | 4 |
| VII. 36. | गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 4 × 1 = 4 | |

| | | |
|---|---|---|
| | विवेकानंद रोज व्यायाम करते थे। इसलिए उनका शरीर स्वस्थ और सुंदर था। उनकी बुद्धि प्रखर थी। वे मृदुभाषी थे। बचपन से ही उनका झुकाव धर्म और दर्शन की ओर था।भगवद्गीता उनकी प्रिय पुस्तक थी, जिसे वे रोज पढ़ते थे। ईश्वर को देखने की प्रबल आकांक्षा बचपन से ही उनके मन में थी। विवेकानंद के अनुसार नास्तिक वह है जो अपने ऊपर विश्वास नहीं करता।<br>अ) विवेकानंद का शरीर कैसा था ?<br>आ) विवेकानंद रोज कौन-सी पुस्तक पढ़ते थे ?<br>इ) विवेकानंद की प्रबल आकांक्षा क्या थी ?<br>ई) विवेकानंद के अनुसार नास्तिक कौन है ?<br>उत्तर : अ) विवेकानंद का शरीर स्वस्थ और सुंदर था।<br>उत्तर : आ) विवेकानंद रोज भगवद्गीता पुस्तक पढ़ते थे ?<br>उत्तर : इ) विवेकानंद की प्रबल आकांक्षा ईश्वर को देखने की थी।<br>उत्तर : ई) विवेकानंद के अनुसार नास्तिक वह है जो अपने ऊपर विश्वास नहीं करता। | 1<br>1<br>1<br>1 |
| VIII.37. | दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर 12-15 वाक्यों में किसी एक विषय के बारे में निबंध लिखिए : 4 × 1 = 4<br>क) ग्राम सुधार<br>* प्रस्तावना<br>* गाँवों की समस्याएँ<br>* गाँवों को सुधारने के लिए सुझाव<br>* उपसंहार।<br><br>ख) जनसंख्या समस्या - समाधान<br>* प्रस्तावना<br>* जनसंख्या वृद्धि के कारण और परिणाम<br>* परिहारोपाय<br>* उपसंहार।<br><br>ग) कर्नाटक राज्य<br>* प्रस्तावना<br>* विषय प्रवेश<br>* कर्नाटक की विशेषताएँ<br>* उपसंहार | 4 |
| IX.<br>38. | निम्नलिखित विषय के बारे में पत्र लिखिए : 1 × 5 = 5<br>अपने घर में मनाये गये हर घर तिरंगा कार्यक्रम के बारे में वर्णन करते हुए अपने मित्र को पत्र लिखिए।<br>अथवा<br>कोई सकारण देते हुए अपने मुख्य अध्यापक के नाम छुट्टी पत्र लिखिए।<br>उत्तर : पारिवारिक पत्र :<br>* प्रेषक का पता और दिनांक<br>* संबोधन एवं अभिवादन<br>* पत्रिका कलेवर<br>* समाप्ति<br>* पत्र पानेवाले का पता<br>अथवा<br>व्यावहारिक पत्र :<br>* प्रेषक का पता | 5 |

| | | |
|---|---|---|
| | * पत्र पानेवाले का पता<br>* विषय<br>* संबोधन<br>* पत्रिका कलेवर<br>* समाप्ति | |

PREPARED BY B.KUMARSWAMY HINDI TEACHER, GHS KAREKATTE. CHANNAGIRI TALUK, DAVANAGERE DISTRICT.